अनिवार्य आवश्यक है कि उनकी आदतें अच्छी हों। अच्छी
अच्छी आदतों के कारण ही वे माता-पिता के घर से लेकर पति
के घर तक वे घर की शोभा मानी जाती हैं और जिन लड़
कियों तथा स्त्रियों में अच्छी आदतें नहीं होतीं, उनके द्वारा
उनके दोनों घर अशान्त बन जाते हैं। लड़कियों और स्त्रियों
चरित्रों की आलोचना करते हुए मैं तो अपनी छाती पर हाथ
रख कर यही कह सकता हूँ—"भगवान न करे किसी घर में
ऐसी लड़की उत्पन्न हो अथवा किसी घर में किसी स्त्री का प्रवेश
हो, जिसमें अच्छी आदतों का अभाव हो?

मनुष्य का अच्छा जीवन कैसे बन सकता है, इस प्रश्न
उत्तर में एक ही बात कही जा सकती है और यह कि अच्छी
आदतों से बालकों से लेकर बूढ़ों तक और लड़कियों से लेकर
स्त्रियों तक सभी को अपने जीवन की प्रत्येक अवस्था में अच्छी
आदतें इसलिए सीखना चाहिए कि उनको अपने सुख और
सौभाग्य का स्वयं निर्माण करना है।

मैं बार-बार इस बात को कहूँगा कि प्रत्येक स्त्री-पुरुष
अपने जीवन में सुख और सम्मान पाने की एक जोरदार अभि
लाषा होती है और अच्छी आदतों के अभाव में उनकी वह
भिलाषा कभी पूरी नहीं हो सकती।

बुरी आदतों का प्रलोभन

बहुत-से लोग—चाहे वह स्त्री हो अथवा पुरुष—

ादतों में इसलिए पड़ जाते हैं कि उनके द्वारा वे अपनी कुछ
च्छाइयों की पूर्ति का विश्वास करते हैं। एक मनुष्य चोरी
सलिए करता है कि उसके द्वारा वह अनायास बिना किसी बड़े
रिश्रम के बहुत-सा धन एक साथ पा जाने की उम्मीद
रता है। एक आदमी जुआ खेलता है और उस जुए के द्वारा
ह बिना किसी व्यवसाय के दूसरों की सम्पत्ति पा जाने की
ाशा करता है। इसी प्रकार बहुत सी बुरी आदतें हैं,
नका आश्रय उसने अपनी किसी न किसी आशा के लिए
वीकार किया है। उसे यदि इस बात का विश्वास हो जाय
कि मनुष्य के जीवन की ये आदतें बुरी हैं और इनके द्वारा
नुष्य कभी भी सुख और शान्ति नहीं प्राप्त कर सकता तो वह
अपनी इस प्रकार की बुरी आदतों को तुरन्त छोड़ दे।

यहाँ पर मैं कुछ उदाहरण देकर यह बताने की कोशिश
करूँगा कि अच्छी आदतों के द्वारा मनुष्य का किस प्रकार
ल्याण होता है और बुरी आदतों के द्वारा किस प्रकार उसका
सर्वनाश होता है। किसी भी मनुष्य को बुरी आदतों से
जो प्रेम हो जाता है, उसका कारण केवल यह है कि उसने उनके
सम्बन्ध में गलत समझ रखा है। यदि उनके बुरे परिणाम
मनुष्य को समझाये जा सकें तो कोई भी मनुष्य अपने जीवन में
बुरी आदतों को स्थान नहीं दे सकता।

बुरी आदतों में एक प्रकार का आकर्षण होता है। मनुष्य,
ज्ञान न होने के कारण उसका शिकार हो जाता है और फिर
पीछे पछताता है। इन बुरी आदतों का आकर्षण किस प्रकार
होता है, उस पर यहाँ एक छोटा-सा उदाहरण देना आवश्यक
मालूम होता है—

एक आदमी नौकरी पाने के उद्देश्य से अपने गाँव से चला
और किसी एक बड़े शहर में पहुँच गया। वहाँ वह अपने लिए

द भी उसे वह आदमी वहां पर न मिला। वह शाम तक वहाँ मौजूद रहा और बड़ी घबराहट के साथ उसको खोजता रहा। अन्त मे उसने कारखाने के आदमियों से बातें कीं। उस समय से मालूम हुआ कि वह आदमी कोई धोखेबाज था जो, उससे चीस रुपये लेकर चला गया। फिर उसको उस आदमी का पता न चला।

इस घटना के कारण देहात का वह आदमी बड़े सङ्कट मे पड़ गया। अब उसके पास अधिक दिनों तक शहर में रहकर नौकरी ढूढ़ने के लिए खर्च भी न रह गया था।

बुरी आदतों में इस प्रकार के कुछ आकर्षण होते हैं। जो एक सीधे-सादे आदमी को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं और अन्त मे अनेक परिणाम इस प्रकार के भयानक हुआ करते हैं।

बुरी आदतों से कभी कोई सुखी नहीं होता

बुरी आदतों में पड़ने के बाद संसार में कभी कोई आदमी जीवन की सुविधायें और सम्पदायें प्राप्त कर सका है, इसका एक भी उदाहरण नहीं मिल सकता। इतना सब होने पर भी मनुष्य जब एक बार कभी किसी बुरी आदत में पड़ जाता है तो जीवन-भर भयानक दुखों का सामना करता है और फिर वह आसानी के साथ उससे निकल नहीं पाता।

अच्छी आदतें आरम्भ में प्रायः कठोर और भयानक मालूम होती हैं, परन्तु उनके परिणाम अत्यन्त मधुर और सौभाग्यपूर्ण होते हैं। इसके सम्बन्ध में दो छोटे उदाहरणों का देना यहाँ पर जरूरी मालूम होता है—

इलाहाबाद शहर की बात है। गरमी के दिन थे। मैं साबुन खरीदने के लिए चौक गया और एक दूकान पर खड़े

मैंने साबुन लेना चाहा, वह दूकान इस प्रकार की सभी चीज़ों के लिए बहुत बड़ी और मशहूर थी। शायद इसीलिए उस दूकान पर सभी प्रकार के लोगों की बहुत भीड़ रहा करती थी। दूकान का मालिक एक बूढ़ा मुसलमान था। वह सफेद कपड़े पहने था और बुढ़ापे में भी वह बड़ा सुन्दर मालूम होता था।

भीड़ के कारण मुझे बहुत देर तक उस जगह खड़ा रहना पड़ा। उसके दाहिने और बायें अनेक दूकानें उस प्रकार की थीं, उनमें कोई भीड़ न थी। मैं खड़ा हुआ सोच रहा था कि लोग दूसरी दूकानों पर जाकर अपना सौदा क्यों नहीं लेते और यहाँ पर बड़ी-बड़ी देर तक खड़े रहकर अपना समय क्यों बरबाद करते हैं। इसी समय मैंने देखा कि मेरी बगल में खड़े हुए एक आदमी ने पाँच आने की एक चीज खरीदी और पैसे अदा करने के लिए उसने एक रुपया उस बूढ़े दूकानदार के हाथ में दिया। उस दूकानदार ने उस रुपये को देखा। मैं बहुत नजदीक खड़ा था। मैंने भी उस रुपये पर दृष्टि डाली। रुपया बिलकुल खराब काँसे का था। दूकानदार ने रुपये को अपनी सन्दूक में रख लिया और ग्यारह आने पैसे खरीदार के हाथ में दे दिये। पैसे लेकर वह आदमी वहाँ से चला गया।

मैं अपने स्थान पर अब भी खड़ा था। साबुन माँगना भूलकर मैं यह सोचने लगा कि दूकानदार ने क्या समझा नहीं कि रुपया खराब है! और अगर समझा था तो उसने उसे रख कर ग्यारह आने पैसे क्यों दे दिये? मैं बड़ी देर तक खड़ा रहा। अपने प्रश्न को मैं सुलझा न सका। भीड़ के कारण दूकानदार से बातें करने का मुझे मौका न मिला। मैं साबुन लेकर वहाँ से चला गया।

एक-एक करके कई दिन बीत गये। उस खराब रुपये की बात को मैं भूल न सका। कई दिन मैं चौक मे उस दूकान के

सलिए गया कि उस विषय में मैं दूकानदार से बातें करूँगा। लेकिन दुकानदार को मैंने रोजाना एक बड़ी भीड़ से घिरा हुआ पाया। मुझे उससे बातें करने का मौका न मिला।

धीरे-धीरे लगभग दो महीने के दिन बीत गये। एक दिन इलाहाबाद से कानपुर आने के लिए मैं एक एक्सप्रेस गाड़ी में जाकर बैठा। गाड़ी के छूटने में कुछ देर थी। उसी समय मेरे डिब्बे में चौक का वह बूढ़ा दुकानदार प्रवेश करता हुआ दिखायी पड़ा। उसे देखते ही मैं बहुत प्रसन्न हुआ और उसे बुलाकर मैंने उसे अपने पास स्थान दिया। गाड़ी के छूटने के बाद मैंने उसकी ओर देखा और आदर पूर्वक मुस्कराते हुए मैंने कहा—

"आपकी शायद यहाँ चौक में दुकान है?"

उसने बड़ी नम्रता के साथ उत्तर दिया—"जी हाँ, क्या दुकान से आपको कोई शिकायत है?"

मैंने मुस्कराते हुए कहा—"जी नहीं।"

"क्या कभी कोई खराब चीज आपको मिल गयी है?"

"जी नहीं।"

"तो क्या किसी चीज में आपसे अधिक दाम ले लिए गये हैं?"

"जी नहीं।"

"तब क्या बात है?"

मैंने उसकी शिष्टता से गद्‌गद् होकर कहा—"मैं आपसे कुछ पूछना चाहता हूँ।"

"क्या?"

मैंने उस दिन के खराब रुपये की घटना का जिक्र किया और कहा—"मैं आपके निकट खड़ा था, मैंने देखा था कि रुपया खराब है और काँसे का है। आपने उसे देखा

में बहुत गरीब माँ-बाप का लड़का हूँ। अपनी उन्नीस वर्ष
य में मैंने दस रुपये से इस दूकान का काम आरम्भ किया
अल्लाह का शुक्र है कि मेरी उस दूकान में आज पचास-
हजार रुपये का माल रहता है। जो दूसरों के साथ नेकी
है, अल्लाह ताला की तरफ से उसको कभी कोई कमी
रहती।"

ह कहकर वह चुप हो गया। मैं अब भी उसकी तरफ
रहा था। उसके बाद बहुत देर तक उसके साथ मेरी बातें
रहीं। उसे देहली जाना था। कानपुर का स्टेशन आने पर
उसे श्रद्धा के साथ सलाम किया और गाड़ी से उतर पड़ा।
बाद मेरी भेंट फिर कभी नहीं हो सकी। लेकिन दूसरों के
नेकी करने का जो परिणाम होता है, उसका वह स्वयं एक
त प्रकाश था, जिसे मैं कभी भूल न सकूँगा।

इस प्रकार के सैकड़ों और सहस्रों उदाहरण हैं जो अच्छी
बुरी आदतों का स्पष्ट परिचय देते हैं। लेकिन स्थान के
व में उनके उल्लेख यहाँ पर नहीं किये जा सकते। फिर भी
कुछ लिखा गया है, उसके पढ़ने से एक अमिट छाप हमारे
ों में यह पड़ती है कि अच्छी आदतों और बुरी आदतों का
णाम क्या होता है।

छठा परिच्छेद

अच्छी आदतों का प्रभाव

अच्छे आदमी बनने के लिए अच्छी आदतों की जरूरत
ोती है और किसी भी अच्छे कार्य में सफल होने के

छोटी अवस्था मे बच्चे जो कुछ करते हैं, उनके द्वारा उनके जीवन में आदतों का निर्माण उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार चलने वालों के द्वारा जंगलों में मार्ग बन जाता है और कुओं पर पानी भरते-भरते मोटी लकड़ी पर अथवा पत्थर पर रस्सी के आने जाने का रास्ता बन जाता है।

छोटे बच्चों की बहुत सी आदतों को हम बुरा समझते हैं, लेकिन आम तौर पर स्त्री-पुरुषों का विश्वास यह रहता है कि बड़े होने पर बच्चों की ये आदतें अपने-आप छूट जायँगी। इस प्रकार का झूठा विश्वास माता-पिता का अथवा बड़े-बूढ़ों का उनको स्वयं अंधकार मे रखता है और उसके द्वारा बच्चों में बुरी आदतों का निर्माण करता है।

शिशुओं मे गलत आदतें

यदि छोटे बच्चों के जीवन मे आरम्भ से ही सतर्क रहा जाये और उनमे बुरी आदतों की छाप न पड़ने पाये तो अधिक अंशों मे मनुष्य का जीवन बुरी आदतों से सुरक्षित रह सकता है। परन्तु यह सब उसी अवस्था मे सम्भव है जब माता-पिता और गुरुजनों को उनका स्वयं ज्ञान हो। लेकिन हमारे समाज में मनुष्यों की अभी इतनी उन्नत अवस्था नहीं है कि वे इन आदतों के इस मूल तथ्य को जान सकें और अपनी संतान में वे बुरी आदतों के निर्माण को रोक सकें। छोटे बच्चों में बुरी आदतों का निर्माण कैसे होता है, इस पर नीचे की पंक्तियों में कुछ बातों का संकेत करना आवश्यक है—

१—बच्चे अपनी बहुत छोटी अवस्था से ही चीजों के पटकने, तोड़ने और बरबाद करने की ओर आकर्षित होते हैं। उनके द्वारा इन होने वाली हानियों को माता-पिता और घर के लोग देखते है। लेकिन प्यार के कारण उस होने वाली हानि को वे

आसानी के साथ बरदाश्त कर लेते हैं। इस प्रकार बच्चों के द्वारा जो चीजें टूटती और बिगड़ती रहती हैं, उनको यदि समझते या कार्य किया जाय तो होने वाला नुकसान कभी-कभी बहुत लम्बा हो जाता है। और इस लम्बी हानिको न केवल सम्पन्न माता पिता बल्कि निर्धन माता-पिता भी बिना किसी विशेष कष्ट के सहन करते हैं और केवल प्यार के कारण उनको कोई विशेष कष्ट नहीं होता।

बचपन की आदतों का प्रभाव

जिन स्त्री-पुरुषों को इन बातों का अधिक ज्ञान नहीं है, वे नहीं समझ सकते कि ऐसा करने से उन छोटे शिशुओं में बुरी आदतों का किस प्रकार निर्माण होता है। उस सत्य को समझाने के लिए हम विस्तार में यहाँ पर नहीं जा सकते। इसलिए इतना ही लिखना काफी होगा कि आज वे बालक इस प्रकार का नुकसान करके अपने जीवन का मनोरंजन और सन्तोष प्राप्त करते हैं और उनके द्वारा जो उनमें बुरी आदतों का निर्माण होता है, उनके कारण बड़े होने पर और अपने पराये का ज्ञान होने पर वे दूसरों को क्षति पहुँचा कर जीवन का मनोरंजन करते हैं। प्रत्येक कार्य किसी भी अवस्था में मनुष्य का केवल खेल होता है। अन्तर केवल इतना होता है कि छोटे बच्चों के कार्यों को हम उनके खेलों के नाम से सम्बोधन करते हैं और बड़ी अवस्था में हम उनको कार्य कहने लगते हैं। इसके सिवा उन दोनों अवस्थाओं के कामों में कोई अन्तर नहीं है। छोटे बच्चे जिन खेलों को आरम्भ करते हैं, बड़े होने पर मरने के समय तक उनके उन खेलों का क्रम बराबर जारी रहता है। केवल उनके नामों में परिवर्तन हो जाता है।

२—एक माता-पिता के अथवा एक ही घर में कई-कई बच्चे

होते हैं। उनकी अवस्थाओं में प्रायः थोड़ा सा अन्तर रहा करता है। एक बालक दूसरे बालक की चीज को जबरदस्ती लेने की चेष्टा करता है। इस प्रकार के मौकों पर दो बालकों में झगड़ा होता है। उस समय माता-पिता या गुरुजन एक बालक से दूसरे बालक को चीज दिलाने में इस बात का ख्याल कभी नहीं करते कि न्याय और ईमानदारी के नाम पर एक बालक को दूसरे बालक की चीज कब लेना चाहिए और कब न लेना चाहिए। न तो घर के गुरुजनों को इस बात का ज्ञान होता है और न वे इस बेईमानी की पड़ने वाली नीव को रोक ही सकते हैं। होता यह है कि इसी आयु मे दूसरे की सम्पत्ति और कोई भी वस्तु जबरदस्ती छीन कर अपने अधिकार में कर लेने की एक बुरी आदत पड़ जाती है।

३—बच्चों में हठ करने की और किसी चीज को पा जाने की आदत का निर्माण भी इसी प्रकार होता है। उस समय उनको इस बात का ज्ञान नहीं होता कि हमे वह चीज लेना चाहिए कि नहीं। उनके रोने, चिल्लाने और हठ करने पर उनको वह चीज दे दी जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उनमें एक सही भावना का उदय नहीं होने पाता और उनके मनोभावों में एक ऐसी आदत का निर्माण होने लगता है कि जैसे भी हो सके, हमें वह चीज प्राप्त हो जानी चाहिए। छोटे बच्चों के जीवन की यह परिस्थिति बुरी आदत का निर्माण करती है और उस आयु से आरम्भ होकर जीवन के अंतिम दिनों तक वह मजबूत होती चली जाती है।

बच्चों के सुकुमार मनोभावों पर उसी आयु में अच्छी आदतों की रेखाओं के चित्रांकित होने चाहिए। एक बार भी उनके अनधिकार की चेष्टा सफल न होने देना चाहिए। यदि सावधानी से काम लिया जाय तो उसी आयु में

ते हैं। उनकी अवस्थाओं में प्रायः थोड़ा सा अन्तर रहा करता
। एक बालक दूसरे बालक की चीज को जबरदस्ती लेने की
टा करता है। इस प्रकार के मौकों पर दो बालकों में झगड़ा
ता है। उस समय माता-पिता या गुरुजन एक बालक से दूसरे
लक को चीज दिलाने में इस बात का ख्याल कभी नहीं करते
न्याय और ईमानदारी के नाम पर एक बालक को दूसरे
लक की चीज कब लेना चाहिए और कब न लेना चाहिए। न
घर के गुरुजनों को इस बात का ज्ञान होता है और न वे
स बेईमानी की पड़ने वाली नींव को रोक ही सकते हैं। होता
ह है कि इसी आयु में दूसरे की सम्पत्ति और कोई भी वस्तु
बरदस्ती छीन कर अपने अधिकार में कर लेने की एक बुरी
आदत पड़ जाती है।

२—बच्चों में हठ करने की और किसी चीज को पा जाने की
आदत का निर्माण भी इसी प्रकार होता है। उस समय उनको
स बात का ज्ञान नहीं होता कि हमें यह चीज लेना चाहिए कि
हीं। उनके रोने, चिल्लाने और हठ करने पर उनको वह चीज
दी जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि उनमें एक
ी भावना का उदय नहीं होने पाता और उनके मनोभावों में
क ऐसी आदत का निर्माण होने लगता है कि जैसे भी हो सके,
 यह चीज प्राप्त हो जानी चाहिए। छोटे बच्चों के जीवन की
र परिस्थिति बुरी आदत का निर्माण करती है और उस आयु
 आरम्भ होकर जीवन के अंतिम दिनों तक वह मजबूत होती
ली जाती है।

बच्चों के सुकुमार मनोभावों पर उसी आयु में अच्छी आदतों
ी रेखाओं के चित्रांकित होने चाहिए। एक बार भी उनके
अनधिकार की चेष्टा सफल न होने देना चाहिए। यदि इस
सावधानी से काम लिया जाय तो उसी आयु में अनधिकारों की

ठ बोलना, विश्वासघात करना, दूसरे की वस्तु का अपहरण ना, चोरी करना, दूसरे को क्षति पहुंचाना, किसी के साथ न्याय करना इत्यादि बुरी बातों की नसीहत माता-पिता और बूढ़ों से मिला करती है। किस प्रकार मिला करती है, नको समझ में यह बात न आती हो, उनको हम समझाने का त्न करेंगे।

आदतों के निर्माण में माता पिता की भूलें

इन बातों को आगे समझने के पहले इस पर विश्वास करने आवश्यकता है कि सुकुमार शिशुओं के हृदयों पर जिस कार की आदतों की रेखायें एक बार अंकित हो जाती हैं, नका मिटाना और उनमें सुधार करना उनके बड़े होने पर बहुत कुछ कठिन हो जाता है। छोटे शिशुओं को अपने माता-पिताओं से किस प्रकार बुरी आदतों की शिक्षा मिलती है, इसके लिए नीचे लिखी जाने वाली कुछ बातें काफी होंगी —

१—छोटे बच्चों को कहीं जाने से रोकने में अथवा उनके हाथों से किसी चीज को लेने के लिए उनसे दिन-भर झूठी बातें की जाती हैं। वहाँ न जाओ, वहाँ जूज बैठा है, देखो बन्दर बोल रहा है, यह चीज बिल्ली ले गयी है। न तो कहीं बन्दर होता है और न कहीं बिल्ली होती है। जिनको जीवन का ज्ञान नहीं है, वे नहीं समझ सकते कि इस प्रकार की बातें करने से झूठ बोलने की बुरी आदत किस प्रकार बच्चों में पड़ती है।

२—बच्चों के हाथ की कोई चीज जब नहीं मिलती तो माता-पिता और गुरुजन स्वयं उसके अधिकार से उस चीज की चोरी करते हैं और फिर उसके बाद उसको धोखा देने और बहकाने तथा फुसलाने का काम करते हैं। बारह-चौदह महीने

का बालक मुँह से कुछ कह नहीं पाता। परन्तु वह इस बात को स्पष्ट समझता है कि इस चीज की चोरी की गयी है और उसके बाद भी उसको धोखा देने और बहकाने का काम किया जा रहा है। यहीं से इन अपराधों का श्री गणेश उसके जीवन में होता है और वह चोरी करना और फिर झूठ बोलकर दूसरे को बहकाना अथवा धोखा देना सीख जाता है।

३—जहाँ कई एक बालक होते हैं, एक शक्तिशाली निर्बल को मारने का काम करता है। यह सब देखकर माता-पिता और घर के दूसरे लोग खूब हँसते हैं, जिससे उसको प्रोत्साहन मिलता है और अपने से निर्बल पर आक्रमण करने की बुरी आदत का उसके जीवन में निर्माण होता है।

बच्चों को समझने में भूल की जाती है

इस प्रकार छोटे बच्चों को जो बुरी आदतें माता-पिता और घर के दूसरे लोगों से मिलती हैं, उनको कौन नहीं जानता। लेकिन सच बात यह है कि इन बातों के द्वारा किस प्रकार बच्चों के जीवन में बुरी आदतों का प्रवेश होता है, इस बात का ज्ञान न तो माता-पिता को होता है और न घर के दूसरे लोगों को। आश्चर्य की बात यहीं तक नहीं है। मैं तो प्रायः रोज चौदह और सोलह वर्ष के नवयुवकों के चरित्र में भयानक बुरी बातें देखता हूँ और जब उनका विरोध किया जाता है तो एक तरफ से लोग कहने लगते हैं कि 'अरे अभी बच्चे हैं, आगे चलकर इस प्रकार की सभी आदतें अपने आप बदल जायँगी।' इस प्रकार की बातें आश्चर्य के साथ मैं प्रायः रोज ही सुनता हूँ और अपने मन में यह कहकर चुप हो जाता हूँ कि जिस जाति मनुष्य समाज में नवयुवकों को एक मिथ्या धारणा के न सन्मार्ग में लाने का कोई प्रयत्न नहीं किया जाता,

उस जाति और समाज में अच्छी आदतों के स्त्री-पुरुषों की सृष्टि कैसे हो सकती है, इस बात को भगवान ही जाने।

अच्छी आदतों का परिचय

हमारे सभी कार्यों में हमारी आदतों का प्रभाव पड़ता है। अच्छी आदतें मनुष्य के किसी भी कार्य को सुन्दर, आकर्षक और सफल बनाती हैं; बुरी आदत हमको असफलता की ओर ले जाती हैं। इस सत्य को कहीं किसी भी आदमी के जीवन में देखा जा सकता है और उसके बाद हमारा यह कर्त्तव्य हो जाता है कि हमारी जो अच्छी आदतें दूसरों के निकट प्रिय बनाती हैं हम उन्हें अपनावें।

हमारे जीवन का प्रारम्भ विद्यार्थी अवस्था से आरम्भ होता है। जो विद्यार्थी अपने व्यवहारों से अच्छी आदतों का परिचय देते हैं, वे घर से लेकर बाहर तक सब को प्रिय मालूम होते हैं। विद्यार्थियों की अच्छी आदतों में घर के लोगों का आज्ञा-पालन, पढ़ने-लिखने में परिश्रम और एकाग्रता, बड़ों के प्रति शिष्टाचार, मित्रों, परिचितों और दूसरे समवयस्क लड़कों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार स्कूल तथा कालेज के अध्यापकों और गुरुजनों के प्रति अनुशासनपूर्ण और सर्वसाधारण के प्रति विनम्र व्यवहार करना प्रमुख हैं।

इस प्रकार के विद्यार्थी पढ़ने में सुयोग्य और उसके बाद जीवन में सर्वदा सफल होते हैं। उनके जीवन में अच्छी आदतों की यह देन होती है [illegible] ों के जीवन में इस प्रकार की [illegible] ता है, वे घर से लेकर [illegible] जाते हैं और यह [illegible] और [illegible]

वकील अपने मुवक्किलों के साथ स्नेह और सहानुभूति नहीं प्रकट कर सकता और उनको विपदाओं से बचाने के लिए ईमानदारी और सावधानी के साथ विश्वास नहीं दिला सकता, वह कभी अपने कार्य में सफल नहीं हो सकता।

एक वकील और डाक्टर को अच्छी आदतों की बहुत आवश्यकता होती है। जो लोग विभिन्न प्रकार की विपदाओं में उनके पास पहुँचते हैं, उसकी सहानुभूति और कर्मण्यता तथा तत्परता उनको शान्ति और संतोष देने का कार्य कर सकती है। लेकिन उनके आश्वासन में ईमानदारी का मिश्रण होना चाहिए। यदि इसका अभाव रहेगा, तो उसका परिणाम विपरीत साबित होगा।

चिकित्सा-सम्बन्धी स्वतन्त्र व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों में अच्छी आदतों की जितनी आवश्यकता होती है, उतनी ही आवश्यकता उन चिकित्सकों के लिए भी होती है जो सरकारी अथवा गैर सरकारी चिकित्सा-संस्थाओं में नौकर होते हैं। सरकारी दवाखानों और अस्पतालों के डाक्टरों तथा कर्मचारियों में आमतौर से उन अच्छी आदतों का अभाव रहता है, जो उनके लिए अनिवार्य रूप से आवश्यक होती हैं। इसके लिए वे सरकारी डाक्टर और कर्मचारी ही अपराधी नहीं होते, बल्कि इस अपराध का बहुत कुछ उत्तरदायित्व सरकार पर भी होता है।

जो लोग नौकरी करते हैं, उनमें अच्छी आदतों की जो आवश्यकता होती है, उसके लिए कहना ही क्या है। छोटे और बड़े—सभी प्रकार के नौकर अपनी अच्छी आदतों के कारण ही उन्नति करते हैं। लेकिन इन अच्छी आदतों का जिनमें अभाव रहता है, वे कभी उन्नत नहीं हो पाते। छोटी नौकरियों में रहकर भी जिन्होंने आश्चर्यजनक उन्नतियाँ की हैं, यदि

देखकर होता है। जिस प्रकार किसी मनुष्य की सुन्दरता का परिचय उसकी मुखाकृति को देखकर होता है, उसी प्रकार उसकी योग्यता और सभ्यता का परिचय उसकी आदतों के द्वारा हुआ करता है।

मनुष्य का सच्चा परिचय

हमारी आदतें प्रत्येक समय हमारा परिचय देने का काम करती रहती हैं। हम उनको समझ नहीं पाते, यह दूसरी बात है। लेकिन दूसरे लोग हमको समझने का काम बराबर करते रहते हैं। उठते-बैठते, चलते-फिरते, खाते-पीते, बातें करते और बोलते हुए, हम प्रत्येक क्षण अपना परिचय दिया करते हैं। लेकिन हम जो अपना परिचय दूसरों को देते हैं, उसको हम स्वयं नहीं समझ पाते। इसका कारण भी हमारी अयोग्यता और असभ्यता ही है। इन पृष्ठों में हम स्पष्ट रूप से यह बताने की चेष्टा करेंगे कि हमारी कौन-सी आदतें हमारा किस प्रकार का परिचय देने का काम बराबर करती रहती हैं।

आदतों से मनुष्यता का ज्ञान

अपने किसी पड़ोसी की बीमारी अथवा विपद् में सहानुभूति प्रकट करना हमारी एक अच्छी आदत है। लेकिन ऐसे अवसरों पर भी अनेक लोग अपने घर पर ऐसा व्यवहार करते हैं, जो देखने और सुनने में अच्छा नहीं मालूम होता और सहज ही इस प्रकार के किसी भी आदमी को कहा जाता है कि वह अच्छा आदमी नहीं है।

मार्ग में दूसरों के चलने अथवा आने-जाने के रास्ते को रोककर खड़े होना और किसी के कुछ कहने पर लड़ाई-लड़ना

अपनी दुष्टता का परिचय देना है। इस प्रकार के किसी भी आदमी को कभी भी अच्छा नहीं कहा जा सकता।

लड़कियों और स्त्रियों के प्रति आदरपूर्ण व्यवहार करना मनुष्य की एक अच्छी आदत है। लेकिन मूर्ख और दुष्ट लोग इसके विरुद्ध व्यवहार करते हैं, उनको आमतौर पर लोग गवाँर तथा असभ्य कहा करते हैं।

दूसरों के साथ और विशेष कर अपने से बड़े लोगों के प्रति शिष्टता तथा नम्रता का व्यवहार करना अत्यन्त आवश्यक होता है। इसलिए जो लोग ऐसा करते हैं, उनको अच्छा आदमी और जो लोग इसके विरुद्ध व्यवहार करते हैं, उनको बुरा आदमी कहा जाता है।

बातचीत के सिलसिले में अपने मुँह से कभी अपनी और अपने आदमियों की प्रशंसा नहीं करना चाहिए। और न कभी प्रशंसा सुनने की इच्छा रखना चाहिए। इस लिए इस अच्छी आदत का जो पालन करते हैं, उनको सभ्य और सुशील कहा जाता है। लेकिन जो लोग इस अच्छी आदत के विरुद्ध व्यवहार करते हैं, उनको अभिमानी समझा जाता है।

सादगी श्रेष्ठता का परिचय देती है

सादगी हमारे जीवन का एक अच्छा गुण है। यह सादगी बातचीत में, व्यवहार बर्ताव में, खाने पीने में, उठने-बैठने में और वस्त्रों के पहनने-ओढ़ने में हमारी श्रेष्ठता का परिचय देती है। जिनमें इस सादगी का अभाव होता है, उनके प्रति लोगों की धारणा अच्छी नहीं होती।

किसी के साथ भी बात करते समय इस बात का बहुत ध्यान रखना चाहिए कि हमारे शब्दों, भावों और व्यवहारों से दूसरों के ... न को धक्का न पहुँचे। अपने अभिप्राय को स्पष्ट करना

उस समय हमारा उद्देश्य होना है, लेकिन सम्मानपूर्ण शब्दों के साथ। ऐसा करना अपनी शिष्टता और सज्जनता का परिचय देना है और जो इसका उल्लंघन करते हैं, लोगों की दृष्टि में वे दुर्जन बन जाते हैं।

बातचीत करने के समय आवश्यकता के अनुसार हँसना भी चाहिए और गम्भीर भी हो जाना चाहिए। न तो सदा गम्भीर बना रहना ही अच्छा होता है और न सदा हँसते रहना ही उचित मालूम होता है। विद्वानों का कहना है कि जो सदा हँसते अथवा मुस्कराते हुए बातें करते हैं, वे आदमी अच्छे नहीं होते। प्रायः इस प्रकार के मनुष्यों के हृदय काले और कलुषित हुआ करते।

जब हम कभी किसी के यहाँ भोजन करने जाय तो जो चीजें हमें खाने को मिलें, उनके साधारण होने पर भी अथवा उनमें कोई कमी होने पर भी हमें उनकी निन्दा न करना चाहिए। बल्कि हमें चाहिए कि सरल शब्दों में हम उनकी प्रशंसा करें और भोजन कराने वाले के प्रति कृतज्ञता प्रकट करें। ऐसा करना भलमनसाहत का लक्षण होता है।

इस प्रकार एक अच्छी आदत का पालन न करके कुछ लोग भोजन की चीजों में त्रुटियाँ इसलिए जाहिर करते हैं, जिससे वे बड़े आदमी समझे जाँय। परन्तु ऐसा नहीं होता। होता यह है कि त्रुटियाँ दिखाने वाले, लोगों की दृष्टि में गिर जाते हैं और समाज में वे भले आदमी नहीं समझे जाते।

अपनी भूल को स्वीकार करना

किसी भी बात को घटा-बढ़ाकर कभी न कहना चाहिए। बल्कि जो बात जैसी हो, उसको उसी रूप में कहने की आदत डालना चाहिए, प्रायः लोग किसी घटना को अथवा किसी की

बात को अपनी आवश्यकता के अनुसार गढ़ लेते हैं और उसका सच्चा रूप बिगाड़कर उसे लोगों के सामने उपस्थित करते हैं। इस प्रकार की आदत आदमी की क्षुद्रता प्रकट करती है। जो आदमी अपना सम्मान कायम रखना चाहते हैं, उन्हें चाहिए कि अपने विरोधी एवम शत्रु की बात को भी सही और सम्मान के साथ प्रकट करें। ऐसा करना बहुत आवश्यक है। इस अच्छी आदत की रक्षा करने से मनुष्य के हृदय की स्वच्छता और विशालता प्रकट होती है।

भूल सभी से होती है, छोटों से भी और बड़ों से भी। लेकिन जिनसे अपनी गलती न मानने की आदत होती है, उनको लोग घृणा की दृष्टि से देखते हैं और जो अपनी गलती को बिना किसी हठ के स्वीकार करते हैं, वे अपने शत्रुओं के द्वारा भी प्रशंसा पाते हैं।

गलती करना बुरा नहीं होता। इसलिए कि गलतियाँ तो सभी से हो सकती हैं और होती हैं। साधारण मनुष्यों से ही नहीं, बल्कि संसार में जो श्रेष्ठ पुरुष माने गये हैं, गलतियाँ उनसे भी हुई हैं। छोटे मनुष्यों और श्रेष्ठ पुरुषों में इतना ही अन्तर होता है कि छोटे अपनी भूलों को स्वीकार नहीं करते और जो श्रेष्ठ होते हैं, वे अपनी भूलों को स्वयं स्वीकार करते हैं और अपनी तरफ से उनके लिए प्रायश्चित्त करते हैं। छोटे मनुष्यों और श्रेष्ठ पुरुषों में इतना ही अन्तर होता है।

पेड़ पर चढ़ने वाला ही गिरता है और काम करने वाले से ही गलती होती है। लेकिन अपनी भूल को सहज ही स्वीकार कर लेना अपने आत्मा की निर्मलता का परिचय देना होता है। युवकों और विद्यार्थियों को चाहिए कि मनुष्य जीवन की इस अच्छी आदत का अभ्यास डालें और अपनी भूल को स्वीकार करने से जो सम्मान प्राप्त होता है, उसके वे अधिकारी बनें।

किसी के सम्बन्ध में भी ऐसी बात न कहना चाहिए, जिससे उसकी बदनामी होती हो। किसी की बदनामी उड़ाना तो मनुष्य के जीवन का एक भयानक अपराध है ही, लेकिन सही बात होने पर भी उस बात को न कहना यह मनुष्य-जीवन की एक अच्छी आदत है। जिनको दूसरे के अपयश का प्रचार करने में—चाहे वह सच्चा हो अथवा झूठा—सुख मिलता है, वे अच्छे आदमियों में नहीं गिने जाते।

इसलिए होना यह चाहिए कि शत्रु हो अथवा मित्र, परिचित हो अथवा अपरिचित दूसरे की अपयशवाली बात न तो कभी अपने मुँह से कहे और न इस प्रकार की होने वाली बातों में कभी शामिल हो। जो ऐसा करते हैं, वे सज्जन प्रकृति के मनुष्य माने जाते हैं।

इसी प्रकार की आदतों में किसी की चुगली करना भी एक बुरी आदत है। चुगल आदमी समाज में कभी अच्छा नहीं समझा जाता और उसकी सदा निन्दा होती रहती है। चुगली करने की आदत मनुष्य के हृदय की एक गन्दगी का परिचय देती है। ऐसा मनुष्य जिसकी चुगली करता है, उसके निकट और जिससे चुगली करता है, उसके भी निकट नीच समझा जाता है। जो आदत मनुष्य को हर तरीके से अपमानित होने का कारण पैदा करती है, उसे छोड़ देना ही मनुष्य के लिए सम्मानपूर्ण हो सकता है।

किसी भी दशा में हम दूसरों के सम्मान का ख्याल रखें, यह हमारे लिए बहुत आवश्यक है। यदि हम दूसरों से सम्मान चाहते हैं तो उसके लिए यही एक रास्ता है कि हम दूसरे का सम्मान करें। यदि हम ऐसा नहीं करते तो न तो हम दूसरों से

बात को अपनी आवश्यकता के अनुसार गढ़ लेते हैं और उस सच्चा रूप बिगाड़कर उसे लोगों के सामने उपस्थित करते इस प्रकार की आदत आदमी की क्षुद्रता प्रकट करती जो आदमी अपना सम्मान कायम रखना चाहते हैं, उन्हें चा कि अपने विरोधी एवम शत्रु की बात को भी सही और सम्म के साथ प्रकट करें। ऐसा करना बहुत आवश्यक है। इस अच आदत की रक्षा करने से मनुष्य के हृदय की स्वच्छता अ विशालता प्रकट होती है।

भूल सभी से होती है, छोटों से भी और बड़ों से भ लेकिन जिनमें अपनी गलती न मानने की आदत होती उनको लोग घृणा की दृष्टि से देखते हैं और जो अपनी गल को बिना किसी हठ के स्वीकार करते हैं, वे अपने शत्रुओं द्वारा भी प्रशंसा पाते हैं।

गलती करना बुरा नहीं होता। इसलिए कि गलतियाँ सभी से हो सकती हैं और होती हैं। साधारण मनुष्यों से नहीं, बल्कि संसार में जो श्रेष्ठ पुरुष माने गये हैं, गल उनसे भी हुई हैं। छोटे मनुष्यों और श्रेष्ठ पुरुषों में इतन अन्तर होता है कि छोटे अपनी भूलों को स्वीकार नहीं और जो श्रेष्ठ होते हैं, वे अपनी भूलों को स्वयं स्वीकार हैं और अपनी तरफ से उनके लिए प्रायश्चित्त करते हैं। मनुष्यों और श्रेष्ठ पुरुषों में इतना ही अन्तर होता है।

पेड़ पर चढ़ने वाला ही गिरता है और काम करने ही गलती होती है। लेकिन अपनी भूल को सहज ही कर लेना अपने आत्मा की निर्मलता का परिचय देना है युवकों और ाहिए कि मनुष्य जीवन अच्छी करने

मनुष्य स्वयं अपने आप को बड़ा न मान बैठे। नहीं तो वह लोगों की नज़रों में गिर जायगा और लोग उसका उपहास करना आरम्भ कर देंगे।

दूसरों को सम्मान देना

मनुष्य अपने आपको दूसरों के सामने बड़ा करके कैसे उपस्थित करता है, इसको स्पष्ट करने के लिए नीचे कुछ उदाहरण देने आवश्यक मालूम होते हैं—

१—अपने यहाँ किसी के आने पर स्वयं किसी अच्छे स्थान पर बैठना और दूसरों को साधारण स्थान पर बैठने के लिए विवश करना।

२—किसी दूसरे के यहां जाकर ऊंचे स्थान पर बैठने की चेष्टा करना।

३—चारपाई में एक तरफ सिरहाना और दूसरी तरफ पैताना होता है। जो मनुष्य वास्तव में श्रेष्ठ होता है, वह कभी सिरहाने के तरफ बैठने की चेष्टा नहीं करता। लेकिन जो नीच स्वभाव के मनुष्य होते हैं और जो वास्तव में श्रेष्ठता पाने के अधिकारी नहीं होते, वे ही चारपाई पर सिरहाने बैठने की चेष्टा करते हैं।

जो मनुष्य अपनी तरफ से साधारण स्थान पर बैठने की चेष्टा करता है, उसको लोग ऊँचा स्थान देने की हमेशा कोशिश करते हैं। नीच और ऊंच की परीक्षा मनुष्य के हृदय से होती है और उसका लक्षण यह है कि जो वास्तव में नीच होता है, वह सदा ऊँचे बैठने की चेष्टा करता है। मनुष्य को इस सत्य के समझने की चेष्टा करना चाहिए। और सदा ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि जिससे दूसरे उसको सम्मान देने के लिए बाध्य हों।

दूसरों को सम्मान देना, जैसा कि ऊपर लिखा गया है,

सम्मान पाने के अधिकारी ही हैं और न हमें सम्मान मिल ही सकता है।

उपहास में कड़ुआपन न हो

आपस की मजाक में कभी-कभी अपमान पूर्ण व्यवहार हो जाने की नौबत आ जाती है। इसलिए कभी किसी का ऐसा उपहास न करना चाहिए, जिससे उसको जरा भी असम्मान पूर्ण मालूम हो अथवा उसके हृदय को व्यथा का अनुभव हो। इस प्रकार की हँसी-मजाक अच्छे आदमियों के बीच में कभी नहीं होती।

हँसी का उद्देश्य इतना ही है कि हम भी हंसे और जिस की हँसी उड़ावें, उसका भी चित्त प्रसन्न हो उठे। यदि ऐसा नहीं होता तो हँसी का उद्देश्य ही गलत हो जाता है और उस प्रकार की बातें भलमनसाहत का परिचय नहीं देतीं। इसलिए अच्छे आदमी बनने के लिए यह आवश्यक है कि हम हँसी के द्वारा दूसरे के सम्मान की वृद्धि करें और फिर हम सब के सब हंसे। हास्य की सुन्दर परिभाषा यही है। और जो ऐसा करते हैं, उनकी गणना अच्छे आदमियों में होती है।

व्यवहार और बातचीत में जो अपने आपको छोटा साबित करने की चेष्टा करता है, वास्तव में श्रेष्ठ पुरुष वही कहलाता है। लेकिन जो नीच होते हैं, वे अपने-आप को दूसरों के निकट बातों और व्यवहारों में बड़ा साबित करने की चेष्टा किया करते हैं। इस प्रकार की आदतों से मनुष्य का श्रेष्ठता और नीचता का पता चलता है।

मनुष्य को इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि वह अपने आपको बड़ा नहीं बना सकता; बल्कि उसे बड़ा बनाने का कार्य दूसरे लोग करते हैं और यह उसी दशा में सम्भव होता है, जब

मनुष्य स्वयं अपने आप को बड़ा न मान बैठे। नहीं तो वह लोगों की नजरों में गिर जायगा और लोग उसका उपहास करना आरम्भ कर देंगे।

दूसरों को सम्मान देना

मनुष्य अपने आपको दूसरों के सामने बड़ा करके कैसे उपस्थित करता है, इसको स्पष्ट करने के लिए नीचे कुछ उदाहरण देने आवश्यक मालूम होते हैं—

१—अपने यहाँ किसी के आने पर स्वयं किसी अच्छे स्थान पर बैठना और दूसरों को साधारण स्थान पर बैठने के लिए विवश करना।

२—किसी दूसरे के यहाँ जाकर ऊँचे स्थान पर बैठने की चेष्टा करना।

३—चारपाई में एक तरफ सिरहाना और दूसरी तरफ पैताना होता है। जो मनुष्य वास्तव में श्रेष्ठ होता है, वह कभी सिरहाने के तरफ बैठने की चेष्टा नहीं करता। लेकिन जो नीच स्वभाव के मनुष्य होते हैं और जो वास्तव में श्रेष्ठता पाने के अधिकारी नहीं होते, वे ही चारपाई पर सिरहाने बैठने की चेष्टा करते हैं।

जो मनुष्य अपनी तरफ से साधारण स्थान पर बैठने की चेष्टा करता है, उसको लोग ऊँचा स्थान देने की हमेशा कोशिश करते हैं। नीच और ऊँच की परीक्षा मनुष्य के हृदय से होती है और उसका लक्षण यह है कि जो वास्तव में नीच होता है, वह सदा ऊँचे बैठने की चेष्टा करता है। मनुष्य को इस सत्य के समझने की चेष्टा करना चाहिए। और सदा ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि जिससे दूसरे उसको सम्मान देने के लिए बाध्य हों।

दूसरों को सम्मान देना, जैसा कि ऊपर लिखा गया है,

सम्मान पाने के अधिकारी ही हैं और न हमें सम्मान मिल सकता है।

उपहास में कड़ुआपन न हो

आपस की मजाक में कभी-कभी अपमान पूर्ण व्यवहार हो जाने की नौबत आ जाती है। इसलिए कभी किसी का ऐसा उपहास न करना चाहिए, जिससे उसको जरा भी असम्मान पूर्ण मालूम हो अथवा उसके हृदय को व्यथा का अनुभव हो। इस प्रकार की हँसी-मजाक अच्छे आदमियों के बीच में कभी नहीं होती।

हँसी का उद्देश्य इतना ही है कि हम भी हंसे और जिस की हँसी उड़ावें, उसका भी चित्त प्रसन्न हो उठे। यदि ऐसा नहीं होता तो हँसी का उद्देश्य ही गलत हो जाता है और उस प्रकार की बातें भलमनसाहत का परिचय नहीं देतीं। इसलिए अच्छे आदमी बनने के लिए यह आवश्यक है कि हम हँसी के द्वारा दूसरे के सम्मान की वृद्धि करें और फिर हम सब के सब हंसें। हास्य की सुन्दर परिभाषा यही है। और जो ऐसा करते हैं, उनकी गणना अच्छे आदमियों में होती है।

व्यवहार और बातचीत में जो अपने आपको छोटा साबित करने की चेष्टा करता है, वास्तव में श्रेष्ठ पुरुष वही कहलाता है। लेकिन जो नीच होते हैं, वे अपने-आप को दूसरों के निकट बातों और व्यवहारों में बड़ा साबित करने की चेष्टा किया करते हैं। इस प्रकार की आदतों से मनुष्य का श्रेष्ठता और नीचता का पता चलता है।

मनुष्य को इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि वह अपने आपको बड़ा नहीं बना सकता; बल्कि उसे बड़ा दूसरे लोग करते हैं और यह उसी दशा में

मनुष्य स्वयं अपने आप को बड़ा न मान बैठे। नहीं तो वह लोगों की नजरों में गिर जायगा और लोग उसका उपहास करना आरम्भ कर देंगे।

दूसरों को सम्मान देना

मनुष्य अपने आपको दूसरों के सामने बड़ा करके कैसे उपस्थित करता है, इसको स्पष्ट करने के लिए नीचे कुछ उदाहरण देने आवश्यक मालूम होते हैं—

१—अपने यहाँ किसी के आने पर स्वयं किसी अच्छे स्थान पर बैठना और दूसरों को साधारण स्थान पर बैठने के लिए विवश करना।

२—किसी दूसरे के यहाँ जाकर ऊंचे स्थान पर बैठने की चेष्टा करना।

३—चारपाई मे एक तरफ सिरहाना और दूसरी तरफ पैताना होता है। जो मनुष्य वास्तव मे श्रेष्ठ होता है, वह कभी सिरहाने के तरफ बैठने की चेष्टा नहीं करता। लेकिन जो नीच स्वभाव के मनुष्य होते हैं और जो वास्तव मे श्रेष्ठता पाने के अधिकारी नहीं होते, वे ही चारपाई पर सिरहाने बैठने की चेष्टा करते हैं।

जो मनुष्य अपनी तरफ से साधारण स्थान पर बैठने की चेष्टा करता है, उसको लोग ऊँचा स्थान देने की हमेशा कोशिश करते हैं। नीच और ऊंच की परीक्षा मनुष्य के हृदय से होती है और उसका लक्षण यह है कि जो वास्तव में नीच होता है, वह सदा ऊँचे बैठने की चेष्टा करता है। मनुष्य को इस सत्य के समझने की चेष्टा करना चाहिए। और सदा ऐसा व्यवहार करना चाहिए कि जिससे दूसरे उसको सम्मान देने के लिए बाध्य हों।

दूसरों को सम्मान देना, जैसा कि

मनुष्य का कर्त्तव्य है। लेकिन झूठा सम्मान देना अपमान करने से कम नहीं होता। इसलिए दूसरों के प्रति सम्मान प्रकट करने में इस बात का बहुत ध्यान रखना चाहिए। अनादर करना मनुष्यता के सर्वथा विपरीत है।

विवाद और विरोध में भी प्रियता

विवाद और विरोध करना कभी भी बुरा नहीं होता, यदि मनुष्य सत्यता, प्रियता और उपयोगिता का ध्यान रखे। यदि इन बातों का ख्याल नहीं रखा जाता तो विवाद और विरोध अनर्थ के कारण बन जाते हैं। इसलिए जो लोग अनर्थ से बचना चाहें, उनको इस प्रकार के विवाद और विरोध से सदा दूर रहना चाहिए।

जिनके विवाद और विरोध आरम्भ से अंत तक प्रियता और मधुरता को नष्ट नहीं करते, वे वास्तव में श्रेष्ठ और विद्वान होते हैं और उनके विरुद्ध प्रकृति वाले नीचता की श्रेणी में रखे जाते हैं।

हमें चाहिए कि हम स्वयं दूसरों को नमस्कार और प्रणाम करना सीखें। ऐसा करने से हम दूसरों के नमस्कार और प्रणाम के अधिकारी बन जाते हैं। जो लोग चाहते हैं कि अन्य लोग उनको प्रणाम करें, वे हृदय के नीच होते हैं। इस प्रकार के व्यक्ति दूसरों का सम्मान प्राप्त करने के अधिकारी नहीं होते।

नमस्कार और प्रणाम करने का अर्थ मनुष्यता का सम्मान करना है। जो मनुष्यता को आदर नहीं देता, वह वास्तव में मनुष्य नहीं है। इसलिए छोटे और बड़े का भेद भूल कर जो दूसरों को नमस्कार करने का अभ्यासी होता है, वह सर्वथा प्रशंसनीय होता है।

आत्म-सम्मान की रक्षा

दूसरों का सम्मान करना जितना जरूरी होता है, आत्म-सम्मान की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक होता है। अपने सम्मान की रक्षा वही कर सकता है, जो दूसरों का अपमान करना नहीं जानता। सच्ची मनुष्यता का यह प्रमुख लक्षण है।

बातचीत और विवाद के समय जो अपनी कहने के साथ-साथ दूसरों की बातों को सुनने और समझने की भी कोशिश करता है, वह बुद्धिमान मनुष्य समझा जाता है। लेकिन जो ऐसा नहीं करता और दूसरों की न तो सुनता है और न दूसरों को कहने का अवसर देता है, वह धूर्त, दुराग्रही और पतित होता है।

बात चीत और विवाद के समय अपनी बातों को संक्षिप्त और सारगर्भित बनाकर उपस्थित करो। ऐसा करने से विपक्षी आपके सत्य को अनुभव करने का मौका प्राप्त करेंगे और उसकी महानता को स्वीकार करेंगे। अर्थ हीन विस्तृत बातों का प्रभाव अच्छा नहीं पड़ता और उनसे इस बात का पता चलता है कि उसके पास सत्य का अभाव है। इसलिए यदि हम चाहते हैं कि हमारी बातों से लोग प्रभावित हों तो हमको अपनी बातों का सार उद्देश्य सीधे शब्दों में दूसरों के सामने रखना चाहिए। ऐसा न करना अपनी उद्दण्डता और अयोग्यता का परिचय देना है।

इस प्रकार हमारे जीवन की बहुत सी आदतें हैं, जिनसे हमारी योग्यता का लोगों को पता चलता है। अतएव यदि हम चाहते हैं कि हमें लोग सभ्य, सज्जन और अच्छे आदमी समझें तो ऊपर लिखी गयी बातों को [illegible] आदर्श के निर्माण की शक्ति-भर [illegible]

मनुष्य का कर्त्तव्य है। लेकिन झूठा सम्मान देना अपमान करने से कम नहीं होता। इसलिए दूसरों के प्रति सम्मान प्रकट करने में इस बात का बहुत ध्यान रखना चाहिए। अनादर करना मनुष्यता के सर्वथा विपरीत है।

विवाद और विरोध में भी प्रियता

विवाद और विरोध करना कभी भी बुरा नहीं होता, यदि मनुष्य सत्यता, प्रियता और उपयोगिता का ध्यान रखे। यदि इन बातों का ख्याल नहीं रखा जाता तो विवाद और विरोध अनर्थ के कारण बन जाते हैं। इसलिए जो लोग अनर्थ से बचना चाहें, उनको इस प्रकार के विवाद और विरोध से सदा दूर रहना चाहिए।

जिनके विवाद और विरोध आरम्भ से अंत तक प्रियता और मधुरता को नष्ट नहीं करते, वे वास्तव में श्रेष्ठ और विद्वान होते हैं और उनके विरुद्ध प्रकृति वाले नीचता की श्रेणी में रखे जाते हैं।

हमें चाहिए कि हम स्वयं दूसरों को नमस्कार और प्रणाम करना सीखें। ऐसा करने से हम दूसरों के नमस्कार और प्रणाम के अधिकारी बन जाते हैं। जो लोग चाहते हैं कि अन्य लोग उनको प्रणाम करें, वे हृदय के नीच होते हैं। इस प्रकार के व्यक्ति दूसरों का सम्मान प्राप्त करने के अधिकारी नहीं होते।

नमस्कार और प्रणाम करने का अर्थ मनुष्यता का सम्मान करना है। जो मनुष्यता को आदर नहीं देता, वह वास्तव में मनुष्य नहीं है। इसलिए छोटे और बड़े का भेद भूल कर जो दूसरों को नमस्कार करने का अभ्यासी होता है, वह सर्वथा प्रशंसनीय होता है।

आत्म-सम्मान की रक्षा

दूसरों का सम्मान करना जितना जरूरी होता है, आत्म-सम्मान की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक होता है। अपने सम्मान की रक्षा वही कर सकता है, जो दूसरों का अपमान करना नहीं जानता। सच्ची मनुष्यता का यह प्रमुख लक्षण है।

बातचीत और विवाद के समय जो अपनी कहने के साथ-साथ दूसरों की बातों को सुनने और समझने की भी कोशिश करता है, वह बुद्धिमान मनुष्य समझा जाता है। लेकिन जो ऐसा नहीं करता और दूसरों की न तो सुनता है और न दूसरों को कहने का अवसर देता है, वह धूर्त, दुराग्रही और पतित होता है।

बात चीत और विवाद के समय अपनी बातों को संक्षिप्त और सारगर्भित बनाकर उपस्थित करो। ऐसा करने से विपक्षी तुम्हारे सत्य को अनुभव करने का मौका प्राप्त करेंगे और उसकी महत्ता को स्वीकार करेंगे। अर्थ हीन विस्तृत बातों का प्रभाव अच्छा नहीं पड़ता और उनसे इस बात का पता चलता है कि उसके पास सत्य का अभाव है। इसलिए यदि हम चाहते हैं कि हमारी बातों से लोग प्रभावित हों तो हमको अपनी बातों का सार उद्देश्य सीधे शब्दों में दूसरों के सामने रखना चाहिए। ऐसा न करना अपना उद्दण्डता और अयोग्यता का परिचय देना है।

इस प्रकार हमारे जीवन की बहुत सी आदतें हैं, जिनसे हमारी योग्यता का लोगों को पता चलता है। अतएव यदि हम चाहते हैं कि हमें लोग सभ्य, सज्जन और अच्छे आदमी समझें तो ऊपर लिखी गयी बातों को महत्व देकर हमें अच्छी आदतों के निर्माण की शक्ति-भर चेष्टा करना चाहिए।

आठवाँ परिच्छेद

अच्छी आदतों का निर्माण

मनुष्य के जीवन में आदतों के निर्माण के तीन समय होते हैं। एक समय वह होता है जब शैशव अवस्था में अथवा अनुभवहीन अवस्था में अच्छी अथवा बुरी आदतें जीवन की परिस्थितियों के अनुसार अंकुरित होकर मजबूत होने लगती हैं। दूसरा समय वह होता है, जब माता-पिता और गुरुजनों से अच्छी आदतों की शिक्षा मिलती है और तीसरा समय वह होता है, जब मनुष्य अपनी किसी भी अवस्था में स्वयं आदतों का निर्माण करता है। इन तीनों अवसरों पर जिन आदतों का निर्माण मनुष्य स्वयं करता है, उनका अधिक महत्व है।

यह मानी हुई बात है कि जीवन के आरम्भ मे जिस प्रकार की आदतों के संस्कार पड़ जाते हैं, उनकी जड़ों को काटकर दूसरी प्रकार की आदतों का निर्माण बहुत कुछ कठिन होता है। परन्तु जीवन की परिपक्व अवस्था में अच्छी आदतों के परिणाम वहीं बहुत-कुछ देखने में आते हैं, जहाँ पर मनुष्य उनका स्वयं निर्माण करता है। आदतों के निर्माण के सम्बन्ध मे यहाँ पर लिखी गयी बातों को गम्भीरता के साथ समझने की आवश्यकता है।

एक सौभाग्य

आदतों के सम्बन्ध में मैंने स्वयं अपने जीवन में क्षत-विक्षत होकर गम्भीरता के साथ अध्ययन, अनुशीलन और अनुभव किया है। उसके बाद मैं इस परिणाम पर पहुँचा हूँ कि मनुष्य जिस प्रकार अपने सौभाग्य और दुर्भाग्य का निर्माण करता है,

इसी प्रकार वह अपनी अच्छी और बुरी आदतों का भी स्वयं एक दिन निर्माण करता है। पूर्वजों से मिला हुआ मनुष्य के जीवन में सौभाग्य और दुर्भाग्य कुछ विशेष महत्व नहीं रखता। इसीलिए माता-पिता की सम्पत्ति पाकर जो सौभाग्यशाली बन जाते हैं, वे थोड़े ही दिनों में भाग्यहीन हो जाते हैं। इसी प्रकार जो लोग अपने माता-पिता से पाये हुए दुर्भाग्य को लेकर जीवन में प्रवेश करते हैं, उनमें से अधिकांश कुछ दिनों में सौभाग्यशाली बन जाते हैं। जीवन का यह सत्य सर्वत्र देखा जा सकता है।

ठीक यही अवस्था हमारी आदतों के सम्बन्ध में है। सामान्य रूप से इस बात को महत्व दिया जाता है कि माता-पिता और गुरुजनों के द्वारा बच्चों के जीवन में अच्छी आदतों का निर्माण हो, यह एक सौभाग्य की बात है। परन्तु मैं ऐसा नहीं सोचता।

अच्छी आदतों का निर्माण स्वयं करना पड़ता है

यह बात भी सही है कि अनेक श्रेष्ठ पुरुषों ने अपनी अच्छी आदतों के लिए अपने माता-पिता की प्रशंसायें की हैं। परन्तु सैकड़ों श्रेष्ठ पुरुषों के जीवन-चरित्रों का अध्ययन करके और अपने जीवन की अनुभूतियाँ लेकर मैं यह कहने का साहस करता हूँ कि श्रेष्ठ पुरुषों के जीवन में उनकी उन अच्छी आदतों का स्थान अधिक महत्वपूर्ण मिलता है, जिनका उन्होंने स्वयं निर्माण किया है।

इस छोटी-सी पुस्तक में इस बात की गम्भीरता में मैं अधिक नहीं जाना चाहता। परन्तु मैं विश्वास पूर्वक नवयुवकों से लेकर बूढ़ों तक—सब से यह कहना चाहता हूँ कि वे अपने [illegible] का स्वयं निर्माण करें और यदि [illegible] परिस्थितियों से जीवन में [illegible]

आठवाँ परिच्छेद

अच्छी आदतों का निर्माण

मनुष्य के जीवन में आदतों के निर्माण के तीन समय होते हैं। एक समय वह होता है जब शैशव अवस्था में अथवा अनुभवहीन अवस्था में अच्छी अथवा बुरी आदतें जीवन में परिस्थितियों के अनुसार अंकुरित होकर मजबूत होने लगती हैं। दूसरा समय वह होता है, जब माता-पिता और गुरुजनों से अच्छी आदतों की शिक्षा मिलती है और तीसरा समय वह होता है, जब मनुष्य अपनी किसी भी अवस्था में स्वयं आदतों का निर्माण करता है। इन तीनों अवसरों पर जिन आदतों का निर्माण मनुष्य स्वयं करता है, उनका अधिक महत्व है।

यह मानी हुई बात है कि जीवन के आरम्भ में जिस प्रकार की आदतों के संस्कार पड़ जाते हैं, उनकी जड़ों को काट कर दूसरी प्रकार की आदतों का निर्माण बहुत कुछ कठिन होता है, परन्तु जीवन की परिपक्व अवस्था में अच्छी आदतों के परिणाम वहीं बहुत-कुछ देखने में आते हैं, जहाँ पर मनुष्य उनका स्वयं निर्माण करता है। आदतों के निर्माण के सम्बन्ध में यहाँ लिखी गयी बातों को गम्भीरता के साथ समझने की आवश्यकता है।

पैतृक सौभाग्य

आदतों के सम्बन्ध में मैंने स्वयं अपने जीवन में सतर्क होकर गम्भीरता के साथ अध्ययन, अनुशीलन और अनुभव किया है। उसके बाद मैं इस परिणाम पर पहुँचा हूँ कि मनुष्य जिस प्रकार अपने सौभाग्य और दुर्भाग्य का निर्माण करता है

अच्छी आदतों के निर्माण का कार्य अपने जीवन में करे। इसके जीवन को श्रेष्ठता का श्री गणेश यहीं से होगा और यदि उसके जीवन में बुरी आदतों ने स्थान पा लिया है तो वह साहस पूर्वक उनको उखाड़कर फेंक दे और प्रतिज्ञाबद्ध होकर अच्छी आदतों का निर्माण करे।

बुरी आदतें कभी भी मिटाई जा सकती हैं

बुरी आदतों के कारण कोई भी मनुष्य कभी निराश न हो। वह किसी भी अवस्था में अपने जीवन का निर्माण कर सकता है। लेकिन उसी दशा में, जब कि वह स्वयं उसका निर्माण करना चाहता है। अच्छी आदतों के प्रति यदि शक्तिशाली अभिलाषा का उदय नहीं होता तो यह भी समझ लेना चाहिए कि अच्छी आदतों के निर्माण का कार्य उसके लिए बहुत-कुछ दुसाध्य है।

यहाँ पर एक प्रश्न यह पैदा होता है कि अच्छी और बुरी आदतों का निर्णय कैसे किया जाय? इसका उत्तर बहुत सीधा और सरल है। ज्ञान-प्राप्त अवस्था में कोई ऐसा मनुष्य नहीं हो सकता, जो अच्छे और बुरे आदमी को न समझता हो। वहीं पर उसे जीवन की अच्छाई और बुराई मिलेगी। जो अच्छे आदमी होते हैं, उनमें अच्छी आदतों का और जो बुरे आदमी होते हैं, उनमें बुरी आदतों का समन्वय और सम्मिश्रण उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार दूध में जल का। जो अच्छी आदतों का निर्माण करना चाहते हैं, उनको अच्छे आदमियों का और जो बुरी आदतों का निर्माण करना चाहते हैं, उनको बुरे [illegible]मियों का अनुसरण करना चाहिए। अच्छी और बुरी [illegible]के निर्माण का यही एक साधन और तरीका होता है।

इस बात को लेकर कभी निराश न होना चाहिए कि ...

आदतों का आगमन हो चुका है तो वे उनको मिटाकर अपने चरित्र में अच्छी आदतों के लाने का कार्य करें। बिना किसी सन्देह के उनको सफलता मिलेगी और वे श्रेष्ठ पुरुष बन सकेंगे। वे ऐसा कैसे कर सकेंगे, इस पर मैं इस परिच्छेद में बहुत-कुछ बताने का प्रयत्न करूँगा। वे सावधानी के साथ उनका अध्ययन करें। और अच्छी आदतों के निर्माण का कार्य आरम्भ करें।

अनुभव हीन अवस्था में माता-पिता के द्वारा जो अच्छी आदतें हमको प्राप्त होती हैं, उनका हमारे जीवन में कोई मोह और महत्व उसी प्रकार नहीं होता, जिस प्रकार हमारे बिना किसी परिश्रम के अनायास हमें माता-पिता की सम्पत्ति मिल जाती है।

आदतों का निर्माण करना ही श्रेष्ठता है

यद्यपि यह बात सुनने और जानने में अच्छी नहीं मालूम होती कि बच्चों की आदतों के निर्माण में माता-पिता का नियन्त्रण न रहे। लेकिन उनसे जो अच्छी आदतें हमारी अज्ञान अवस्था में हमको प्राप्त होती हैं, उनका कोई मूल्य हमें उस समय तक नहीं मालम होता, जब तक हमें उनके समझने का अनुभव प्राप्त होता है। इसलिए जिस वस्तु का हम मूल्य नहीं समझते, उसकी बरबादी अथवा उसका विनाश हमारे द्वारा सहज ही हो जाता है। परन्तु जिस वस्तु का मूल्य समझकर अपने असीम परिश्रम के द्वारा हमने उसे प्राप्त किया है, अथवा जिसका हमने निर्माण किया है, उसी की हम रक्षा भी करते हैं और अपने सम्पूर्ण जीवन को उन्हीं के आधार पर चरितार्थ भी करते हैं।

हमारी इन बातों का बहुत सीधा-सा अर्थ यह है कि मनुष्य अनायास पायी हुई अच्छी अथवा बुरी आदतों का मोह छोड़कर

अच्छी आदतों के निर्माण का कार्य अपने जीवन में करे। इसके जीवन की श्रेष्ठता का श्री गणेश यहीं से होगा और यदि इसके जीवन में बुरी आदतों ने स्थान पा लिया है तो वह साहस पूर्वक उनको उखाड़कर फेंक दे और प्रतिज्ञाबद्ध होकर अच्छी आदतों का निर्माण करे।

बुरी आदतें कभी भी मिटाई जा सकती हैं

बुरी आदतों के कारण कोई भी मनुष्य कभी निराश न हो। वह किसी भी अवस्था में अपने जीवन का निर्माण कर सकता है। लेकिन उसी दशा में, जब कि वह स्वयं उसका निर्माण करना चाहता है। अच्छी आदतों के प्रति यदि शक्तिशाली अभिलाषा का उदय नहीं होता तो यह भी समझ लेना चाहिए कि अच्छी आदतों के निर्माण का कार्य उसके लिए बहुत-कुछ दुसाध्य है।

यहाँ पर एक प्रश्न यह पैदा होता है कि अच्छी और बुरी आदतों का निर्णय कैसे किया जाय ? इसका उत्तर बहुत सीधा और सरल है। ज्ञान-प्राप्त अवस्था में कोई ऐसा मनुष्य नहीं हो सकता, जो अच्छे और बुरे आदमी को न समझता हो। वहीं पर उसे जीवन की अच्छाई और बुराई मिलेगी। जो अच्छे आदमी होते हैं, उनमें अच्छी आदतों का और जो बुरे आदमी होते हैं, उनमें बुरी आदतों का समन्वय और सम्मिश्रण उसी प्रकार होता है, जिस प्रकार दूध में जल का। जो अच्छी आदतों का निर्माण करना चाहते हैं, उनको अच्छे आदमियों का और जो बुरी आदतों का निर्माण करना चाहते हैं, उनको बुरे आदमियों का अनुसरण करना चाहिए। अच्छी और बुरी आदतों के निर्माण का यही एक साधन और तरीका होता है।

इस बात को लेकर कभी निराश न होना चाहिए कि हमारी

आदतें तो बिगड़ चुकी हैं, हमारे बनने और बिगड़ने का समय तो समाप्त हो चुका है, हम तो गरीब और साधारण आदमी हैं, हमारे जीवन में इन बातों का कोई महत्व नहीं है और इस प्रकार की बातें वही सोचते हैं, जो न तो अच्छे आदमी बन सके हैं और न भविष्य में बनना चाहते हैं। जो अपने जीवन में अच्छी आदतों का निर्माण नहीं करना चाहते, हमारे सामने उनका कोई प्रश्न नहीं है। हमें तो उनके सम्बन्ध में निर्णय करना है, जो किसी भी परिस्थिति में और किसी भी अवस्था में अच्छी आदतों का निर्माण करना चाहते है। ऐसे लोगों को निराशा की कोई बात कभी न सोचना चाहिए। अवस्था, अभाव और परिस्थितियाँ हमारे मार्ग में कभी बाधक नहीं होतीं, यदि हम अपने जीवन में इस प्रकार का कोई भी निर्माण करना चाहते हैं।

मनुष्य स्वय अपने जीवन का निर्माण करता है

अगर हमने अपनी वर्तमान अवस्था तक इसके सम्बन्ध में कोई काम नहीं किया अथवा हमारे माता-पिता के द्वारा हमारे जीवन में किसी अच्छी आदत का निर्माण नहीं हुआ तो भी हमारी निराशा का कोई कारण नहीं है। जीवन का चिर सत्य यही है कि मनुष्य अपने जीवन की सभी बातों का निर्माण स्वयं करता है। हमारे जीवन का यह मिथ्या विश्वास है कि अमुक व्यक्ति अपने सम्पत्तिशाली पिता के द्वारा सौभाग्यशाली बना। हमको अच्छा आदमी बनाने में केवल हमारी अच्छी आदतें ही काम कर सकती हैं, इस सत्य को कभी न भूलना चाहिए। गौतम बुद्ध, दयानन्द, विवेकानन्द, रामतीर्थ, कालिदास, तुलसीदास, वाल्मीकि, शिवाजी, राणाप्रताप, हैदरअली, टीपू सुलतान, लक्ष्मीबाई, बाल गंगाधर तिलक, मोहनदास कर्मचन्द गांधी, मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू, सैयदहसन इमाम एस०

पी० मिनहा, बदरुद्दीन तैयब जी, काशीनाथ त्रिम्बक तैलंग, प्रतापचन्द्र मजूमदार, शीशपद बनर्जी, केशवचन्द्र सेन, राममोहनराय आदि भारतीय और सैकड़ों विदेशी श्रेष्ठ पुरुषों के जीवन चरित्र इस बात के साक्षी हैं कि मनुष्य स्वयं अपनी अच्छी आदतों का निर्माण करके जीवन की श्रेष्ठता और महानता प्राप्त करता है।

अच्छी आदतों के निर्माण का मार्ग

अपने जीवन में अच्छी आदतें उत्पन्न करने के लिए सब से उत्तम और पहला साधन यह है कि जिस प्रकार की हम अच्छी आदतों को निर्माण करना चाहें, उन आदतों के मनुष्यों के साथ हम संसर्ग स्थापित करें। इस बात को कौन नहीं जानता कि राजनीतिक विद्वानों के संसर्ग में रहकर मनुष्य राजनीतिक, धार्मिक श्रेष्ठ पुरुषों के संसर्ग में रहकर धार्मिक और साहित्यकारों के संसर्ग में रहकर साहित्यकार बन जाता है। न जाने कितने लोगों ने साधु संतों का सम्पर्क प्राप्त करके उनके जीवन में प्रवेश किया है।

संसर्ग और सम्पर्क का प्रभाव मनुष्य-जीवन पर पड़ता है। कुछ दिनों तक लगातार नीम के वृक्ष के नीचे लेट कर अथवा उसकी छाया में रहकर मनुष्य उसके गुणों का लाभ उठाता है। इस प्रकार के बहुत से उदाहरण हैं, जिनसे हमें स्वीकार करना पड़ता है कि मनुष्य जिस प्रकार के संसर्ग में रहता है, वसी प्रकार का बन जाता है। अब यह हमारे ऊपर निर्भर है कि हम जिस प्रकार का जीवन-निर्माण करना चाहें, वैसा निर्माण करें। हमारे सामने निराशा का कोई कारण नहीं है।

आदतों के निर्माण का दूसरा साधन यह है कि मनुष्य उस साहित्य का अध्ययन करे, जिनसे अच्छी आदतों की

स्पष्ट होती हो। संसार में न जाने कितने उदाहरण ऐसे हैं, जिनसे मालूम होता है कि लोगों ने चरित्र-निर्माण करने वाली पुस्तकों का अध्ययन और अनुसरण करके अपने जीवन में अच्छी आदतों का निर्माण किया है। इसलिए जो ऐसा करना चाहता है, उनको इन साधनों का लाभ उठाना चाहिए। उन्हें निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

जिनकी आदतें बिगड़ चुकी हैं, उनके सामने निराशा का कोई प्रश्न नहीं है। यदि वे चाहते हैं कि उनमें अच्छी आदतें उत्पन्न हो जायँ तो वे गम्भीरता के साथ अपने हृदय में इस बात का निर्णय करें। इसके साथ बुरी आदतों को छोड़ने और उनके स्थान पर अच्छी आदतों के लाने का वे संकल्प करें। इसके पश्चात् प्रतिज्ञाबद्ध होकर निम्नलिखित बातों के आधार पर वे अपने जीवन में बुरी आदतों को मिटाकर अच्छी आदतों का निर्माण करें—

१—अपनी जिन बुरी आदतों को वे मिटाना चाहते हैं, उन आदतों के लोगों का अपने मन में संकल्प करके सदा के लिए बहिष्कार कर दें और फिर उनके संसर्ग में वे न जावें।

२—जिनको वे अच्छे आदमी समझते हैं, उनके साथ अपनी सुविधाओं के अनुसार संसर्ग स्थापित करें।

३—उन अच्छी पुस्तकों को पढ़ें, जिनके द्वारा मन में अच्छे विचारों की उत्पत्ति होती है।

अपने इस निर्णय और संकल्प की देखभाल नित्य सोने के पहले कर लेना चाहिए और देख लेना चाहिए कि जीवन के जिस प्रकार बनाने का हमने संकल्प किया है, उसके अनुसार हम सही मार्ग पर चल रहे हैं अथवा नहीं।

—:: समाप्त ::—